HW
29/6/21

एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा

भाषा अध्ययन

1) इस पाठ में प्रयुक्त निम्नलिखित शब्दों की व्याख्या पाठ का संदर्भ देकर कीजिए :-
निहारा है, धसकना, खिसकना, सागरमाथा, जायजा लेना, नौसिखिया

निहारा है : बहुत ध्यान से विस्मय के साथ देखना।
> लेखिका ने नमचे बाजार पहुँचकर एवरेस्ट पर चढ़ाई करने से पूर्व उसे निहारा।

धसकना : नीचे धंस या दब जाना।

> बरफ़ की भारी चट्टानें जब बरफ़ीले धरातल पर गिरती है तो धरातल धसक जाता है। इसका ख्याल, पर्वतारोहियों को भयभीत करने वाला होता है।

खिसकना : धीरे - धीरे सरकना।

> ग्लेशियरों के बहने से बरफ़ में हलचल मच जाती है और बड़ी - बड़ी चट्टानें खिसकने लगती है।

सागरमाथा : सागर का माथा अर्थात एवरेस्ट

> लेखिका को एवरेस्ट का दूसरा नाम सागरमाथा, जो नेपालियों में पसंद है, पसंद आया ।

जायजा लेना : अनुमान लगाना

> एवरेस्ट अभियान के समय अग्रिम दल ने फुट बनाकर रस्सियाँ बाँधकर सभी बड़ी कठिनाइयों का जायजा ले लिया था ।

नौसिखिया : नया सीखने वाला ।

> एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाले प्रथम व्यक्ति का गौरव पाने वाले तेनजिंग से लेखिका ने खुद को नौसिखिया कहा ।

2) i) इन्होंने कहा तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए

उन्होंने कहा, "तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो । तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए ।"

Date
Page

ii) क्या तुम भयभीत थी
"क्या तुम भयभीत थी ?"

iii) तुमने इतनी बड़ी जोखिम क्यों ली, बचेंद्री
"तुमने इतनी बड़ी जोखिम क्यों ली बचेंद्री ?"

3) i) टेढ़ी-मेढ़ी : एवरेस्ट की बरफ़ीली चोटियाँ बरफ़ की टेढ़ी-मेढ़ी नदी-सी लग रही थीं।

ii) गहरे-चौड़े : पहाड़ी रास्तों में पड़ने वाले गहरे-चौड़े नाले देखकर मन भयभीत हो रहा था।

iii) आस-पास : रेगिस्तान में आस-पास कोई भी पेड़ नहीं दिखाई दे रहा था।

iv) हक्का-बक्का : अचानक सेना द्वारा घेरे जाने से आतंकवादी हक्के बक्के रह गए थे।

v) इधर-~~उधर~~ उधर : जंगली रास्ते पर ~~इधर~~ इधर-उधर देखकर चलना।

vi) लंबे-चौड़े : चुनाव के समय नेतागण बड़े लंबे-चौड़े वादे करके जनता को बहलाते हैं।

Date
Page

4) i) नियमित : अनियमित

ii) विख्यात : कुख्यात

iii) आरोही : अवरोही

iv) निश्चित : अनिश्चित

v) सुंदर : असुंदर

5) i) वास : आ + वास = आवास

ii) व्यवस्थित : अ + व्यवस्थित = अव्यवस्थित

iii) कूल : प्रति + कूल = प्रतिकूल

iv) गति : दुर + गति = दुर्गति

v) रोहण : अव + रोहण = अवरोहण

vi) रक्षित : सु + रक्षित - सुरक्षित

Date
Page

6) i) मैं अगले दिन यह कार्य कर लूंगा ।

ii) बादल घिरने के कुछ देर बाद ही वर्षा हो गई ।

iii) उसने बहुत कम समय में इतनी तरक्की कर ली ।

iv) लड़के को सुबह तक गाँव जाना था